बिहार सरकार
बिहार मौसम सेवा केन्द्र
(योजना एवं विकास विभाग)

योजना एवं विकास विभाग
पत्र प्राप्ति शाखा
पत्र सं० 11227
दिनांक 07/10/25

पत्रांक : BMSK/10/2025/ 559 /पटना, दिनांक : 06/10/2025

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : बिहार मौसम सेवा केन्द्र के कार्यकलापों का 05–15 मिनट तक का **Documentry Film Full HD** के निमार्ण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 अन्तर्गत कुल मो0 7,90,600.00 (सात लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये) रूपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

प्रस्ताव : स्वीकृत।

बिहार में प्रत्येक वर्ष बाढ़, सुखाड़ शीतलहर, लू, वज्रपात, मूसलाधार वर्षा एवं चक्रवाती तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आती रहती है, जिससे जान–माल की भारी क्षति होती है। इन प्राकृतिक आपदाओं में खासकर बाढ़, सुखाड, अतिवृष्टि, कोहरा एवं भूकंप आदि से सम्बंधित आँकड़ों का संग्रहण, विश्लेषण एवं मौसम के पूर्वानुमान हेतु एक सुदृढ़ तंत्र के रूप में बिहार मौसम सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है।

2. बिहार मौसम सेवा केन्द्र के कार्यकलापों के सम्बंध में 05–15 मिनट तक का Documentry Film Full HD का निर्माण सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार के अनुमोदित दर एवं सूचीबद्ध (Empanelled) एजेंसी से प्राप्त न्यूनतम दर (L1) पर कार्य कराया जाना है।

3. Documentry Film Full HD के निर्माण सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार के अनुमोदित दर एवं सूचीबद्ध (Empanelled) एजेंसी से प्राप्त कोटेशन के आधार पर किया जा रहा है। सूचीबद्ध (Empanelled) एजेंसी से प्राप्त कोटेशन के आलोक में Sri Gurusharan Entertainment Pvt, Exhibition Road, Patna-1 का दर मो0 7,90,600.00 (सात लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये) रूपये मात्र पाया गया है, जो सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार सरकार के अनुमोदित दर से कम है।

4. Documentry Film Full HD के निर्माण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार के अनुमोदित दर पर कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति, बिहार मौसम सेवा केन्द्र सोसाईटी की 11 वीं बैठक से अनुमोदित है।

5. विषयांकित योजना पर होने वाला व्यय मुख्यशीर्ष–3455–मौसम विज्ञान, उपमुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन, उपशीर्ष–0001–बिहार मौसम सेवा केन्द्र, विपत्र कोड–35–3455000010001 विषय शीर्ष 31–05–सहायक अनुदान–परिसम्पत्तियों के निर्माण के तहत किया जाएगा।

(5)

6\. विषयांकित योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित राशि वित्तीय वर्ष 2025–26 में बजट उपबंध अन्तर्गत एवं व्यय हेतु राशि उपलब्ध है।

7\. इस राशि की निकासी निदेशक (आहरण एवं व्ययन), बिहार मौसम सेवा केन्द्र, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना के माध्यम से किया जायेगा।

8\. विषयांकित योजना के क्रियान्वयन पर वित्त नियंत्रक, बिहार मौसम सेवा केन्द्र का मंतव्य प्राप्त है।

9\. इस स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

10\. योजना के कार्यान्वयन हेतु व्यय पर सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(रणजीत कुमार)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः BMSK/10/2025/ 559 /पटना, दिनांक : 06/10/2025

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, सिंचाई भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः BMSK/10/2025/ 559 /पटना, दिनांक : 06/10/2025

प्रतिलिपि : विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार/निदेशक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार मौसम सेवा केन्द्र/लेखा एवं बजट शाखा/आई0टी0 मैनेजर, योजना एंव विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः BMSK/10/2025/ 559 /पटना, दिनांक : 06/10/2025

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः BMSK/10/2025/ 559 /पटना, दिनांक : 06/10/2025

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव